संख्या-44/2026/I/1223086/2026/23-11099(099)/179/2024

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 31-01-2026**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के चालू कार्यो पर धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-18865/CE-SEB/ROB/AGR/2025-26, दिनांक 24-01-2026, पत्र संख्या-18866/CE-SEB/ROB/GKP/2025-26, दिनांक 24-01-2026, पत्र संख्या-18867/CE-SEB/ROB/MBD/2025-26, दिनांक 24-01-2026, पत्र संख्या-18868/CE-SEB/ROB/SAH/2025-26, दिनांक 24-01-2026 एवं पत्र संख्या-18869/CE-SEB/ROB/VNS/2025-26, दिनांक 24-01-2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेल उपरिगामी सेतु निर्माण के अधोलिखित तालिका में अंकित 06 चालू कार्य पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल रू0 2786.90 लाख (रूपये सत्ताईस करोड़ छियासी लाख नब्बे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	सेतु अंश/बचत/ प्रावैधिक लागत अथवा बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-57	अनु0 सं0-83	योग
1	जनपद आगरा में एन0एच0-2 से एन0एच0-3 को जोड़ने हेतु रूनकता से रोहता मार्ग (दक्षिणी बाईपास) पर आगरा फोर्ट-अछनेरा रेल सेक्शन में रेलवे कि0मी0 11/5-6 के रेल सम्पार सं0-11सी/2टी पर04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	7801.05	7801.05N IL 7801.05	7411.00	307.32	82.73	390.05
2	जनपद गोरखपुर में लखनऊ-गोरखपुर रेल मार्ग के डोमिनगढ़ व गोरखपुर जं0 रेलवे स्टेशन के मध्य क्रासिंग संख्या-162ए पर पूर्व निर्मित रेल उपरिगामी सेतु के समानान्तर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	13783.28	13783.28 Nil 13459.96	12786.96	530.26	142.74	673.00
3	जनपद सम्भल में चन्दौसी के अन्तर्गत मुरादाबाद-अलीगढ़ मार्ग	5653.60	3868.76 Nil 3767.30	3482.55	75.94	20.44	96.38

http://shasanadesh.up.nic.in

	पर बरेली-अलीगढ़ रेल सेक्शन के कि0मी0 69/8-9 के सम्पार संख्या-36बी पर02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।						
4	जनपद मुजफ्फर नगर में डी0एफ0सी0सी0 रूट पर मेरठ सहारनपुर रेलवे सेक्शन के सम्पार सं0-45 निकट खतौली रेलवे स्टेशन 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5486.90	3814.02 Nil 3812.63	1334.91	1051.00	282.93	1333.93
	जनपद चन्दौली में डी0एफ0सी0सी0 डी0एफ0सी0सी0(पूर्व मध्य रेलवे) के मुगलसराय-गया सेक्शन मार्ग पर रेल सम्पार सं0-76/सी पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5036.80	3412.52 Nil 2989.74	2840.25	117.78	31.71	149.49
	जनपद चन्दौली में कर्मनाशा-सैयदराजा रेल सेक्शन के कि0मी0 644/5-7 के सम्पार सं0-70सी पर दो लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण।	5193.73	3389.36 Nil 2880.92	2736.87	113.50	30.55	144.05
	योग:-				**2195.80**	**591.10**	**2786.90**

<u>नियम व शर्तो/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल/पुनरीक्षित शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तो का अक्षरशः अनुपालपन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रू0 21,95,80,000 (रूपये इक्कीस करोड़ पन्चानबे लाख अस्सी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20252026 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक 5054041010516 रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के चालू कार्यों हेतु व्यवस्था मानक

http://shasanadesh.

मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रू0 5,91,10,000 (रूपये पॉच करोड़ इक्यानबे लाख दस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20252026 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 505404789 1500 रेलवे उपरिगामी/अधोगामी सेतुओ का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
11- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
13- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
14- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
15- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
16- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in